**Need to provide Aadhaar card and Passport facilities in Sambhal district of Uttar Pradesh- Laid**

श्री जिया उर रहमान **(सम्भल) :** सम्भल जिले में न तो आधार कार्ड बन पा रहे हैं और न ही  पासपोर्ट । आधार कार्ड के बिना नागरिक सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, शिक्षा और रोजगार जैसी आवश्यक सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं । जिससे वे जरूरी सेवाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं । इसी तरह, पासपोर्ट भी नहीं बन पा रहे हैं । सत्यापन प्रक्रिया में अनावश्यक देरी, और प्रशासनिक लापरवाही के कारण लोगों के आवेदन खारिज हो रहे हैं । रोजगार के लिए विदेश जाने वाले हजारों युवाओं का भविष्य अंधकार में है, क्योंकि पासपोर्ट ही नहीं बन रहे । यह एक गंभीर समस्या है, जिससे जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अतः निवेदन है कि इस समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा तुरन्त आवश्यक कदम उठाए जाएं ।